G.S. Mandal's
Maharashtra Institute of Technology (Aurangabad) Chhatrapati Sambhajinagar
In association with
Municipal Corporation (Aurangabad) Chhatrapati Sambhajinagar

Event	Interaction of Shri Ravindra Jogdand with MIT Students
Date	02.08.2024 (Friday)
Place	MIT Campus
Faculty Coordinator	Dr. Prashant Awsarmal Dr. Uttam Kalwane Dr. Rahul Agrawal
Municipal Coordinator	Shri. Ravindra Jogdand CEO Shri. Kiran Jadhav Engineer

G.S. Mandal's
Maharashtra Institute of Technology (Aurangabad) Chhatrapati Sambhajinagar
In association with
Municipal Corporation (Aurangabad) Chhatrapati Sambhajinagar

G.S. Mandal's
Maharashtra Institute of Technology (Aurangabad) Chhatrapati Sambhajinagar
In association with
Municipal Corporation (Aurangabad) Chhatrapati Sambhajinagar

महास्वच्छता अभियान ने भरी उड़ान

विभिन्न शिक्षा संस्थानों में मिला भरपूर समर्थन, विद्यार्थी हो रहे उत्साह से शामिल

शहर संवाददाता | छत्रपति संभाजीनगर

मनपा की ओर से जारी एक से 15 अगस्त के बीच महास्वच्छता पखवाड़े के दूसरे दिन शहर के विभिन्न परिसर में सफाई मुहिम व उपक्रमों में नागरिकों ने उत्साह से शामिल होकर अभियान का समर्थन किया। 15 दिन की महास्वच्छता मुहिम का संकल्प मनपा आयुक्त जी श्रीकांत ने किया है जिसकी देखरेख उपायुक्त रवींद्र जोगदंड कर रहे हैं। सभी कार्यक्रमों में मनपा उपायुक्त रवींद्र जोगदंड, मराठवाड़ा शिक्षण प्रसारक मंडल के अध्यक्ष शेख सलीम, केंद्रीय कार्यकारी सदस्य त्र्यंबक पाथ्रीकर, प्रदीप चव्हाण, देवगिरी महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक तेजनकर, उपप्राचार्य डॉ अपर्णा तावरे, उपप्राचार्य डॉ रवि पाटील, उपप्राचार्य डॉ विष्णु पाटील, समन्वयक व कार्यक्रमाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ अनंत कणघरे, कार्यक्रमाधिकारी डॉ बाबासाहब शिंदे, मनपा घनकचरा व्यवस्थापन विभाग के रवींद्र घडामोडे, श्याम उदावंत, किरण जाधव, चेतन वाघ आदि उपस्थित रहे।

मुख्य कार्यक्रम व उपक्रम : देवगिरी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 सदस्य मुहिम में उत्साह से शामिल हुए। इस अवसर पर घनकचरा व्यवस्थापन विभाग प्रमुख रवींद्र जोगदंड ने विद्यार्थियों को सफाई का महत्व समझाया। जीवन में पाठ्यक्रम के महत्त्व व करियर के बारे में भी मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर मराठवाड़ा शिक्षण प्रसारक मंडल के सदस्य, महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, एनएसएस के सदस्य, विद्यार्थी, घनकचरा विभाग के कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

एमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज : उपायुक्त जोगदंड ने महास्वच्छता अभियान के तहत एमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज का मुआयना किया। विद्यार्थियों, प्राध्यापकों व सदस्यों से चर्चा की। इस अवसर पर स्वच्छ भारत के समन्वयक किरण जाधव भी उपस्थित थे। जोन नंबर 8 के तहत वार्ड अधिकारी भारत बिरारे, डॉक्टर प्रशांत अवसरमल, सफाई निरीक्षक उमेश खरात के समन्वय से एमआईटी रोड पर, एमआईटी परिसर में महास्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें कॉलेज के विद्यार्थी, कर्मचारी व मनपा के कर्मचारी व नागरिक मित्र दस्ते के सदस्य शामिल थे।

गैलेक्सी इंग्लिश स्कूल, कांचनवाड़ी

स्कूल में 2 अगस्त को वायु प्रदूषण जागृति सत्र का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रैली निकालकर नारे लगाए और सफाई के महत्त्व को समझाया। अशोक बाबरे की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षिका पूजा रेड्डी, वंदना मोरे, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल सलाहकार अर्चना बनकर आदि उपस्थित थे।

एमआईटीवीजीएस स्कूल

यहां मासिआ के अध्यक्ष चेतन राऊत और उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सीपेट के प्रदीप और डॉ गीतांजली कौशिक के साथ एक जानकारी सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर 150 विद्यार्थी उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ आदित्य जोशी ने भी भाग लिया। सीपेट के मौसम चौधरी ने भी साफ हवा के बारे में मार्गदर्शन किया।

कैंसर अस्पताल भी बढ़ा आगे

छत्रपति संभाजीनगर | शासन निर्देशानुसार सरकारी कैंसर अस्पताल की ओर से पखवाड़ा स्वच्छता अभियान 1 अगस्त से शुरू किया गया। शुक्रवार, 2 अगस्त को अस्पताल परिसर में कैंसर अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ अरविंद गायकवाड़ के नेतृत्व में स्वच्छता मुहिम चलाई गई। घाटी अस्पताल के अधिष्ठाता डॉ शिवाजी सुक्रे ने कहा है कि कैंसर अस्पताल एवं घाटी में शुक्रवार को संयुक्त मुहिम चलाई गई। इस समय कैंसर अस्पताल के सभी स्टाफ इस मुहिम में शामिल हुए।

दैनिक भास्कर
Sat, 03 August 2024
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/75571398